BSES

बीएसईएस जांच टीम पर गुंडों का हमला 1 इंजीनियर की मौत, 4 गंभीर रूप से घायल

दिल्ली पुलिस के कर्मियों की मौजूदगी के बावजूद हुआ हमला

नई दिल्लीः 17 जुलाई, 2017। भारी बिजली चोरी वाले इलाके जाफरपुर के जुल–झुल गांव में बिजली चोरी की जांच के लिए गई बीआरपीएल की टीमों पर बिजली चोर गुंडों व अपराधियों ने हमला कर दिया। दिल्ली पुलिस के कर्मियों की मौजूदगी के बावजूद लोगों ने हमला किया और टीमों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। जब बीएसईएस की टीमें वहां से भागने लगी, तो बाइक सवार गुंडों ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया, और इस दहशत भरे माहौल में बीएसईएस जांच टीमों की एक कार एक पेड़ से टकरा गई, जिसमें बीआरपीएल के पांच कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से एक युवा इंजीनियर की मौत हो गई।

बीएसईएस जांच टीम के साथ दिल्ली पुलिस कर्मियों की मौजूदगी भी हमला करने वालों को भयभीत नहीं कर सकी। भीड़ द्वारा काफी जोरदार और खतरनाक ढंग से हमला किया गया। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी बीएसईएस जांच टीम पर इसी तरह का एक हमला हुआ था, जिसमें कई कर्मचारी घायल हो गए थे। उस वक्त भी साथ में दिल्ली पुलिस के कई कर्मी मौजूद थे।

इससे पहले भी बीएसईएस की टीमों पर हमले होते रहे हैं। कानून का पालन न करने वाले ये गैंग, अनियमितताओं की चेकिंग करने और उन पर अंकुश लगाने के लिए डिस्कॉम्स द्वारा किए जा रहे प्रयासों को विफल करने की लगातार कोशिशें करते रहते हैं। ऐसे संवेदनशील इलाकों में जब भी टीम जाती है, असामाजिक तत्व उन्हें घेर लेते हैं और अधिकारियों को ड्यूटी नहीं करने देते हैं। बिजली चोरी अब व्यवस्थित अपराध का रूप ले चुकी है और इसे रोकने के लिए पुलिस के सक्रिय सहयोग की जरूरत है।

बीएसईएस प्रवक्ता के मुताबिक, तमाम प्रयासों के बावजूद जाफरपुर में करीब 60 प्रतिशत बिजली की चोरी हो रही है। इस इलाके में पिछले पांच सालों के दौरान बिजली चोरी के 14,000 मामले पकड़े गए हैं, जिसमें 33,000 किलोवॉट बिजली की चोरी पकड़ी गई है।

प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उद्यम हैं।